# राष्ट्रीय आरोग्य मेला 12 से 16 फरवरी तक

**आयुष मेला**

देहरादून। **संवाददाता**

राजधानी देहरादून में पांच दिवसीय राष्ट्रीय आरोग्य मेला 12 फरवरी से शुरु होगा, जो कि 16 फरवरी तक चलेगा। इस मेले में आयुर्वेद, होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति पर आयुष मंत्रालय और प्रदेश सरकार की ओर से स्टॉल लगाए जाएंगे। मेले में प्रदेश के राजकीय आयुर्वेदिक कालेज एवं निजी कालेज भी प्रतिभाग करेंगे। मेले में देश भर से प्राचीन चिकित्सा पद्धति के विशेषज्ञ आएंगे। इन विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा आम जनता को स्वस्थ रहने और बीमारियों के उपचार से सम्बन्धित परामर्श देंगे। मेले



पत्रकार वार्ता में आरोग्य मेले के आयोजन के बारे में जानकारी देते हुए आयुष मंत्री डा. हरक सिंह रावत।

में प्राचीन चिकित्सा पद्धति को उपयोग में लाये जाने तथा जन सामान्य तक इसका लाभ पहुंचाने पर भी चर्चा की जायेगी।

सचिवालय स्थित मीडिया सेन्टर में आयोजित पत्रकार वार्ता में आयुष मंत्री डॉ. हरक सिंह रावत ने राष्ट्रीय आरोग्य मेला–2020 के आयोजन के सम्बन्ध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 12 फरवरी से 16 फरवरी तक परेड ग्राउन्ड में आयुष मेले का आयोजन किया जा रहा है। डॉ हरक सिंह रावत ने कहा कि भारत सरकार द्वारा प्रत्येक वर्ष राष्ट्रीय आयुष मेले का आयोजन किया जाता है, इस वर्ष आयुष मेले की मेजबानी का मौका उत्तराखण्ड को मिला है। उत्तराखण्ड की धरती आयुर्वेद के जनक चरक ऋषि की धरती है, चरक संहिता के बिना आयुर्वद की कल्पना नहीं की जा सकती है। प्राचीन ग्रन्थों में हिमालयी क्षेत्र को जड़ी बूटियों के क्षेत्र के रूप में जाना जाता रहा है। उत्तराखण्ड जड़ी–बूटी एवं गंगा यमुना का प्रदेश है। उन्होंने कहा कि जड़ी बूटी के प्रदेश में आरोग्य मेले का आयोजन प्राचीन चिकित्सा पद्धति को आगे बढ़ाने में निश्चित रूप से मददगार होगा। इस अवसर पर सचिव आयुष दिलीप जावलकर, आनंद स्वरूप, वीरेंद्र कालरा, विवेक सहगल समेत आरोग्य मेले के को पार्टनर पी.एच.डी चैम्बर ऑफ कॉमर्स के कई अधिकारी उपस्थित रहे।

## कांग्रेस ने सरकार का पुतला फूंका

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत द्वारा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के बारे में की गई अभद्र टिप्पणी के विरोध में देहरादून महानगर कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में महानगर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ऐस्लेहॉल चौक पर भाजपा सरकार का पुतला दहन किया। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रीतम सिंह भी उपस्थित थे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रीतम सिंह ने आरोप लगाया कि भाजपा के नेताओं द्वारा विपक्षी दल के वरिष्ठ नेताओं के खिलाफ अनर्गल बयानबाजी व व्यक्तिगत टिप्पणियां कर उन्हें अपमानित किया जाता है। उन्होंने कहा कि सत्ता में मद में चूर मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत द्वारा कांग्रेस नेता के खिलाफ की गई अनर्गल बयानबाजी का कांग्रेस पार्टी कडे शब्दों में निन्दा करती है।


Page Three

Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द

# शिकायतों का संवेदनशीलता से समाधान करने के दिए निर्देश

**बैठक**

## मुख्य सचिव सीएम हेल्पलाइन पोर्टल के अंतर्गत आने वाली शिकायतों को लेकर की बैठक

**संवाददाता**

सचिवालय में वीरचंद्र सिंह गढ़वाली सभागार में मुख्य सचिव उत्पल कुमार सिंह की अध्यक्षता में सी.एम. हेल्पलाइन पोर्टल 1905 के निदेशक विभागाध्यक्ष स्तर (लेवल 03) एवं सचिव स्तर (लेवल 04) के अधिकारियों की बैठक हुई। मुख्य सचिव उत्पल कुमार सिंह द्वारा सभी अधिकारियों से पोर्टल के अंतर्गत आने वाली शिकायतों को संवेदनशीलता से समाधान करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने सचिव एवं विभागाध्यक्षों को सी.एम. हेल्पलाइन पोर्टल 1905 की स्वयं विभागीय अधिकारियों के साथ सघन समीक्षा करने के निर्देश दिए। उन्होंने आई.टी.डी.ए. को भी सिस्टम को गुणवत्ता परक बनाने के निर्देश दिए ताकि शिकायतकर्ता को अनावश्यक रूप से परेशान न होना पड़े। उन्होंने अपर मुख्य सचिव को सचिव स्तर (लेवल 04) की बैठक प्रत्येक माह



मुख्य सचिव सीएम हेल्पलाइन पोर्टल के अंतर्गत आने वाली शिकायतों को लेकर संबंधित अधिकारियों की बैठक लेते हुए।

बुलाने के निर्देश देते हुए स्तरवार शिकायतों का विवरण तैयार करने के निर्देश दिए तथा ज्यादा शिकायत वाले विभागों की समूहवार शीघ्र बैठक निर्धारित करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड के आई.टी. सलाहकार रविन्द्र दत्त ने कहा कि सी.एम. हेल्पलाईन माननीय मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत द्वारा जनता को दिया गया एक नायाब तोहफा हैं। सी.एम. हेल्पलाईन 1905 में प्रदेश के किसी भी कोने से जनता अपनी शिकायत दर्ज करा सकती है, जिसके लिए उन्हें सचिवालय एवं मुख्यमंत्री कार्यालय आने की जरूरत नहीं पड़ती जिससे जनता का समय और धन दोनों की बचत होती है। राज्य में सुराज एवं सुशासन की व्यवस्था के लिए तथा शासकीय तंत्र में पारदर्शिता के साथ कार्यशैली में गुणवत्ता बढ़ाने के लिए इस पोर्टल के रूप में जवाबदेही व्यवस्था के मुख्यमंत्री के संकल्प को साकार करने के लिए यह पोर्टल शुरू किया गया हैं। उन्होंने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री का मानना है कि जन सामान्य की समस्याओं का त्वरित एवं सकारात्मक रूप से निराकरण के उद्देश्य से मुख्यमंत्री हेल्पलाईन पोर्टल बनाई गई है। आईटी सलाहकार श्री रविन्द्र ने कहा कि जन सामान्य की शिकायतों के निराकरण के लिए बनाए गए इस पोर्टल को प्रभावी बनाने के लिए सभी स्तर के अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस क्रम में लेवल 01 एवं लेवल 02 के अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जा चुका हैं और जिसके सकारात्मक परिणाम भी आए हैं। श्री रविन्द्र ने कहा कि सी.एम.हेल्पलाईन जनता और सरकार के बीच में दूरियां कम करने और जनता की समस्याओं का शीघ्र निराकरण करने के लिए एक सेतु के रूप में कार्य कर रहा है। मुख्य सचिव ने लेवल 03 एवं लेवल 04 के अधिकारियों की भी कार्यशाला आयोजन कराने के निर्देश दिए, ताकि एल–04 स्तर पर समस्याओं के समाधान में आ रही कठिनाईयों का समाधान आसानी से हो।

## न्यूज डायरी

### कार्यशाला स्थगित

**संवाददाता** देहरादून। भाजपा के मीडिया प्रमुख डॉ देवेंद्र भसीन ने बताया कि संगठन बैठकों के चलते 12 फरवरी को प्रदेश कार्यालय में होने वाली जनसम्पर्क अधिकारियों की कार्यशाला स्थगित कर दी गई है। इसकी तिथि बाद में घोषित की जाएगी।

### ई–रिक्शा चालक ने किया आत्मदाह का प्रयास

**संवाददाता** देहरादून। महीनों से आंदोलन कर रहे ई रिक्शा चालक शासन–प्रशासन के रवैये से इस कदर आहत है कि अब वह आत्मदाह पर मजबूर हो चुके है। आज लैंसडाउन चौक पर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन व पुतला दहन के दौरान एक ई रिक्शा चालक ने खुद पर भी तेल छिड़क कर आग लगा ली। गनीमत रही कि मौके पर मौजूद लोगों ने समय रहते हिम्मत का परिचय दिया और आग को बुझा लिया गया। जिससे ई रिक्शा चालक की जान बच गयी।

### रासायनिक रिसाव को निपटने की कार्ययोजना तैयार की गई

**संवाददाता** देहरादून। जनपद देहरादून, हरिद्वार, उधमसिंहनगर एवं नैनीताल जिलों में आयोजित होने वाले कैमिकल डिजास्टर मॉकड्रिल को लेकर राज्य सचिवालय परिसर से आपदा सचिव अमित नेगी की अध्यक्षता में पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारियों के साथ वीडियो कान्फ्रेसिंग की गई।

# मंत्री सतपाल महाराज ने ली डिप्लोमा इंजीनियर्स समस्या समाधान समिति की बैठक

**संवाददाता**

देहरादून। सिंचाई मंत्री सतपाल महाराज ने विधान सभा स्थित कार्यालय कक्ष में डिप्लोमा इंजीनियर्स समस्या समाधान समिति के साथ बैठक की। बैठक में कर्मचारियों के हितों में महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर सहमति बनी। बैठक में विभिन्न विभागों में कार्यरत अभियंताओं को कार अनुरक्षण भत्ता की अनुमन्यता विषय पर सहमति प्रकट की गई। इसके अलावा लघु सिंचाई विभाग में ऑडिट द्वारा मोटर साईकिल एवं स्कूटर की भत्तों का पुनर्निरीक्षण करने के बाद होने वाले रिकवरी के आदेश को समाप्त करने के सम्बन्ध में शासनादेश जारी करने पर भी सहमति बनी। अन्य



कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज बैठक लेते हुए।

महत्वपूर्ण बिन्दु में तीन माह के भीतर, समस्त तकनीकी विभागों के अभियंताओं की एक ही सेवा नियमावली तैयार किए जाने के संबंध में शासनादेश जारी करने पर सहमति बनी।

प्रोन्नत वेतनमान में विसंगति को समाप्त करने के लिए वित्त विभाग को परीक्षण करने का निर्देश दिया गया। वेतन एवं पेंशन में, तदर्थ सेवा की गणना का लाभ दिये जाने के संबंध में वित्त विभाग द्वारा शासनादेश जारी करने पर भी सहमति बनी। सहमति के महत्वपूर्ण बिन्दु में, लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण निर्माण विभाग, पेयजल निगम एवं सिंचाई विभाग में प्रभारी सहायक अभियंता बनाने हेतु 15 दिनों में आदेश जारी किया जाएगा तथा उक्त विभाग के ढांचे का पुनर्गठन भी किया जाएगा। उत्तराखण्ड अधिकारी, कर्मचारी समन्वय मंच के मांग पत्र पर अतिशीघ्र माननीय मुख्यमंत्री से वार्ता की जायेगी।

## भाजपा जिला समितियों पर चर्चा शुरू, घोषणा शीघ्र, प्रदेश समिति इसी माह होगी घोषित

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड में भाजपा की जिला समितियों के गठन पर विचार आज शुरू हो गया, जबकि प्रदेश समिति का गठन इस माह में हो जाएगा। यह जानकारी भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बंशीधर भगत ने प्रदेश कार्यालय पर पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में दी।

भगत सात जिलों में 34 विधानसभा क्षेत्रों का तूफानी दौरा पूरा कर यहाँ पहुँचे। उन्होंने बताया कि इस समय प्रदेश में भाजपा संगठन को पूरा करने के क्रम में अब जिला समिति का गठन किया जा रहा है।इसके लिए आज प्रदेश कार्यालय पर जिलाध्यक्षों , जिला प्रभारियों, संयोजकों से उनके द्वारा प्रस्तुत पेनल पर विचार शुरू किया गया है। जो पेनल जिलाध्यक्षों द्वारा लाए गए हैं वे विधायकों आदि से विचार कर तैय्यार किए गए हैं। श्री भगत ने बताया कि जिला समितियों के बारे में बुधवार तक विचार पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने आगे बताया कि प्रदेश समिति गठन का कार्य भी शीघ्र कर लिया जाएगा और इसकी घोषणा भी इसी माह कर दी जाएगी। भाजपा प्रदेश मीडिया प्रमुख डॉ देवेन्द्र भसीन ने बताया कि श्री भगत ने अध्यक्ष बनने के बाद प्रदेश का जो दौरा प्रारम्भ किया वह अभूतपूर्व है।



सीएम सैनिक अस्पताल में भर्ती लापता जवान की पत्नी की कुछलछेम पूछते हुए।

## सीएम ने अस्पताल जाकर लापता जवान राजेंद्र सिंह की पत्नी की कुशल क्षेम पूछी

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने मंगलवार को देहरादून सैन्य अस्पताल में भर्ती 11वीं गढ़वाल राइफल्स के लापता जवान हवलदार राजेंद्र सिंह की पत्नी की कुशल क्षेम पूछी। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र ने कहा कि सरकार हवलदार राजेंद्र सिंह के परिवार की हरसंभव मदद करेगी। रक्षामंत्री से मुलाकात में इस मुद्दे को गंभीरता से उठाया गया था। लापता नेगी जी की खोज के लिए सरकार हरसंभव प्रयास कर रही है।